## पर्यवेक्षण आख्या–शाहजहांपुर

## भ्रमण दिनांक 07 से 09 अप्रैल, 2022

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश के पत्रांक एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/आर0आई0/2021–22/04/8525 दिनांक 31.03.2022 द्वारा दिये गये निर्देशों के कम में डा0 अजय गुप्ता, संयुक्त निदेशक, अरबन एवं श्री प्रदीप त्यागी, स्टेट ट्रेनिंग आफिसर द्वारा दिनांक 07 से 09 अप्रैल, 2022 तक जनपद–शाहजहांपुर में संचालित सघन मिशन इन्द्रधनुष 4.0 कार्यक्रम के अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण हेतु भ्रमण किया गया।

**दिनांक 07 अप्रैल, 2022 को ब्लाक भावलखेड़ा के सहरामउ पी0एच0सी0 के किये गये निरीक्षण के मुख्य बिन्दु–**

अपरान्हं 12.30 बजे सहरामउ पी0एच0सी0 का भ्रमण किया गया। मो0 शरीफ खान अवकाश पर थे। उपस्थिति रजिस्टर के अनुसार पाया गया कि ए0सी0एम0ओ0 पी0के0 वर्मा द्वारा दिनांक 07 मार्च, 2022 को पी0एच0सी0 का भ्रमण किया गया था। स्टाफ नर्स कल्पना भारती के साथ लेबर रूम का भ्रमण किया गया, जिसमें आक्सीजन सिलेन्डर, रुअरलाइजेशन की लाग बुक नहीं थी। डेस्टबिन इस्तेमाल नहीं हो रहे थे एवं बायोमेडिकल वेस्ट गाइडलाइन फालो नहीं हो रही थी। लेबर रूम में कोई भी मरीज 04 घण्टे से ज्यादा नहीं रूक रहा था। एन0एन0एम0 सुनीता देवी द्वारा जूनियर हाई स्कूल सहरामउ में कोविड टीकाकरण किया जा रहा था एवं आशा विमला देवी एवं पूजा देवी तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता विनीता देवी द्वारा मोबिलाइजेशन किया जा रहा था। भ्रमण के समय तक 16 बच्चों 12 से 14 वर्ष का कोविड टीकाकरण किया गया था। ए0एन0एम0 के पास कोरबीवैक्स, कोविशील्ड एवं कोवैक्सीन उपलब्ध थी। ए0एन0एम0 के पास कोविड टीकाकरण की ड्यू लिस्ट उपलब्ध नहीं थी।

शाहजहांपुर अरबन क्षेत्र के लोधीपुर अरबन पी0एच0सी0 का भ्रमण किया गया, जहां डा0 आलोक कुमार सिंह एवं स्टाफ नर्स पूनम देवी उपस्थित थे। लेबर रूम का भ्रमण किया गया, आटोक्लेव एवं स्टेरलाइजेशन नहीं हो रहा था। प्रसव की सेवा भी नहीं प्रदान की जा रही थी। ए0सी0एम0ओ0 नोडल द्वारा पिछले चार माहों में मात्र एक विजीट की गयी थी। जलीकोठी अरबन पी0एच0सी0 का भ्रमण किया गया, जहां पर कार्य ठीक प्रकार से संचालित था। तत्पश्चात् अरबन पी0एच0सी0 के अर्न्तगत बिजलीपुरा क्षेत्र में ए0एन0एम0 अर्चना देवी द्वारा मिशन इन्द्रधनुष टीकाकरण सत्र आयोजित किया जा रहा था। आंगनबाड़ी एवं आशा द्वारा मोबिलाइजेशन किया जा रहा है। सत्र ठीक प्रकार से संचालित किया जा रहा था। समस्त वैक्सीन एवं लाजिस्टिक उपलब्ध थी। लोकल कोटेदार द्वारा सहयोग प्रदान किया जा रहा था। ड्यू लिस्ट में 20 बच्चों के सापेक्ष 15 बच्चों को टीके दिये जा चुके थे। पैरासिटामोल सिरप उपलब्ध नहीं था। टेबलेट उपलब्ध थी।

तत्पश्चात् जनपद स्तर पर निरीक्षण संबंधित फीडबैक से मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया।

**दिनांक 08 अप्रैल, 2022 को जनपद शाहजहांपुर के कांठ सी0एच0सी0, तिलहर सी0एच0सी0 के अर्न्तगत किये गये निरीक्षण के मुख्य बिन्दु–**

सर्वप्रथम पूर्वान्हं 9.50 बजे कांठ सी0एच0सी0 पर भ्रमण के दौरान उपस्थिति पंजिका का परीक्षण किया गया, जिसमें नियमित कर्मचारियों में 14 के सापेक्ष मात्र 02 कर्मी उपस्थित थें एवं संविदा कर्मियों के 19 के सापेक्ष 09 कर्मी उपस्थित थे। डा0 जफर, डा0 राजीव मेहरोत्रा, डा0 अंशुमान तिवारी, डा0 अभिषेक जैन अनुपस्थिति थे। मो0 यासीन जनवरी, 2022 से लगातार अनुपस्थित थे। विपिन कुमार दिनांक 03 अप्रैल, 2022 से अनुपस्थित थे। संविदा कर्मियों में मो0 ताजिब अबनान, डा0 शिखा कनौजिया, डा0 राजेश कुमार, गोपीचन्द्र वर्मा, कुमारी रूपाली, राम लडैत, गोपाल जी, आदित्य कुमार अनुपस्थित थे। भ्रमण के दौरान सभी एम0ओ0 अनुपस्थित थे एवं उन्हें तत्काल बुलाया गया।

Scanned by CamScanner

लेबर रूम के भ्रमण के दौरान जे0एस0एस0 के रजिस्टर एवं डाइट रजिस्टर अधुनान्त नहीं पाये गये। वार्ड में बेड पर चादर नहीं बिछी हुयी थी। कोल्ड चेन भ्रमण के दौरान कोल्ड चेन रूम काफी गन्दा पाया गया, रूम में एक्जास्ट नहीं लगा था। इमरजेन्सी प्लान उपलब्ध नहीं था।

मन्नापुर रोड पर दिलावरपुर भट्टा का भी निरीक्षण किया गया, वहां पर कोई भी बच्चा छूटा नहीं पाया गया।

इसके उपरान्त आई0एम0आई0 सत्र गुमटा का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया, जहां पर ए0एन0एम0 रीता देवी उपस्थित थी एवं आशा एवं आंगनबाड़ी द्वारा मोबिलाइजेशन का कार्य किया जा रहा था। ड्यू लिस्ट के अनुसार 14 बच्चें एवं 02 गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जाना था। सत्र ठीक प्रकार से संचालित किया जा रहा था। समस्त वैक्सीन एवं लाजिस्टिक उपलब्ध थी।

तिलहर ब्लाक के आई0एम0आई0 सत्र डभोरा का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया, जहां पर ए0एन0एम0 शालिनी सक्सेना उपस्थित थी एवं आशा एवं आंगनबाड़ी द्वारा मोबिलाइजेशन का कार्य किया जा रहा था। ड्यू लिस्ट के अनुसार 15 बच्चें एवं 05 गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जाना था। सत्र ठीक प्रकार से संचालित किया जा रहा था। समस्त वैक्सीन एवं लाजिस्टिक उपलब्ध थी।

इसके उपरान्त तिलहर ब्लाक के आई0एम0आई0 सत्र कुंवरगंज का निरीक्षण किया गया, जहां पर ए0एन0एम0 प्रतिमा पटेल उपस्थित थी एवं आशा एवं आंगनबाड़ी द्वारा मोबिलाइजेशन का कार्य किया जा रहा था। सत्र ठीक प्रकार से संचालित किया जा रहा था। समस्त वैक्सीन एवं लाजिस्टिक उपलब्ध थी। पैरासिटामोल सीरप उपलब्ध नहीं था।

अरबन पी0एच0सी0 तिलहर पचासा का निरीक्षण किया गया, जहां पर एम0ओ0 डा0 अनुराग गुप्ता एवं फार्मासिस्ट उपस्थित थे। यू0पी0एच0सी0 भवन काफी छोटा था, जिसपर चर्चा की गयी एवं स्थान परिवर्तन कर मानक अनुसार भवन चिन्हित कर स्थान परिवर्तन हेतु सुझाव दिया गया।

सायंकाल जनपद स्तरीय कोल्ड चेन का भ्रमण किया गया, जहां पर वैक्सीन का रखरखाव ठीक था। ईविन ठीक प्रकार से कार्य कर रहा है। वैक्सीन का मिलान ईविन के अनुसार ठीक पाया गया। वैक्सीन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध थी।

तत्पश्चात् जनपद स्तर पर सायंकालीन समीक्षा बैठक में प्रतिभाग किया गया, जहां पर जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी एवं सहयोगी संस्था के प्रतिनिधि (डब्लू0एच0ओ0, यूनीसेफ, यू0एन0डी0पी0) को सघन मिशन इन्द्रधनुष 4.0 कार्यक्रम के निरीक्षण संबंधित फीडबैक से अवगत कराया गया।

**<u>दिनांक 09 अप्रैल, 2022 को ब्लाक भावलखेड़ा की भावलखेड़ा सी0एच0सी0 एवं जनपद–खीरी के गोला सी0एच0सी0 के किये गये निरीक्षण के मुख्य बिन्दु–</u>**

सर्वप्रथम पूर्वान्हं 09.50 बजे भावलखेड़ा सी0एच0सी0 पर भ्रमण के दौरान उपस्थिति पंजिका का परीक्षण किया गया, जिसमें पाया गया कि दो कर्मी अनुपस्थित थे। विजय सिंह, एल0ए0 एवं अनिकेत मिश्रा, बी0एच0डब्लू0 अनुपस्थित थे।

ब्लाक स्तरीय कोल्ड चेन का भ्रमण किया गया, जहां पर वैक्सीन का रखरखाव ठीक था। 31 सत्रों पर वैक्सीन दी गयी थी। ईविन ठीक प्रकार से कार्य कर रहा है। वैक्सीन का मिलान ईविन के अनुसार ठीक पाया गया। वैक्सीन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध थी। टेम्परेचर लाग बुके अधुनान्त नहीं थी। ब्लाक कर्मी सत्रों का पर्यवेक्षण कर रहे थे।

तत्पश्चात् भावलखेड़ा ब्लाक के आई0एम0आई0 सत्र कुरसन्डा का निरीक्षण किया गया, जहां पर ए0एन0एम0 बीना देवी उपस्थित थी एवं आशा द्वारा मोबिलाइजेशन का कार्य किया जा रहा था। आंगनबाड़ी उपस्थित नहीं थी। ड्यू लिस्ट के अनुसार 32 बच्चें एवं 02 गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जाना था। सत्र ठीक प्रकार से संचालित किया जा रहा था। समस्त वैक्सीन एवं लाजिस्टिक उपलब्ध थी। एनाफ्लैक्सिस किट उपलब्ध थी। बी0सी0पी0एम0 एवं एम0ओ0 सत्र का पर्यवेक्षण कर रहे थे।

Scanned by CamScanner

भावलखेड़ा ब्लाक के आई0एम0आई0 सत्र पिपरिया का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया, ज ए0एन0एम0 अर्चना देवी उपस्थित थी एवं आशा एवं आंगनबाड़ी द्वारा मोबिलाइजेशन का का किया जा रहा था। ड्यू लिस्ट के अनुसार 08 बच्चें एवं 02 गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जाना था। सत्र ठीक प्रकार से संचालित किया जा रहा था। समस्त वैक्सीन एवं लाजिस्टिक उपलब्ध थी। एनाफ्लैक्सिस किट उपलब्ध थी।

इसके उपरान्त गोला पी0एच0सी0 का भ्रमण किया गया, कोल्ड चेन भ्रमण में पाया गया कि 03 डीप फ्रीजर एवं 05 आई0एल0आर0 उपलब्ध थे। एक आई0एल0आर0 क्रियाशील नहीं था। सभी वैक्सीन उपलब्ध थी। भ्रमण के दिन 30 सत्रों पर वैक्सीन वितरित की गयी थी।

तत्पश्चात् पी0एच0सी0 के आई0एम0आई0 सत्र का निरीक्षण किया गया, जहां पर ए0एन0एम0 पुष्पा नेगी उपस्थित थी एवं आशा द्वारा मोबिलाइजेशन का कार्य किया जा रहा था। आंगनबाड़ी उपस्थित नहीं थी। सत्र ठीक प्रकार से संचालित किया जा रहा था। समस्त वैक्सीन एवं लाजिस्टिक उपलब्ध थी। एनाफ्लैक्सिस किट उपलब्ध थी।

अन्त में सभी बिन्दुओं पर सुधारात्मक कार्यवाही हेतु संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया।

श्री प्रदीप त्यागी
(राज्य प्रशिक्षण अधिकारी)

डा0 अजय गुप्ता
(संयुक्त निदेशक, अरबन)

Scanned by CamScanner